RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 133 | SUNDAY 24-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



अच्छा कूड़ा डालिए, जो हो खुश्बूदार।
बदबू रोके किस तरह, बेचारी सरकार।
बेचारी सरकार, शाम को सब उठवाती।
आकर अगली सुबह, ढेर फिर उतना पाती।
कह साहिल कविराय, न डालें बदबू वाला।
अगर डालना पड़े, डालिए खुश्बू वाला।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# जाली बिलों की जाँच मामले में नामी ऑयल मशीनरी एक्सपोर्टर पर स्टेट जीएसटी कार्यवाही

लुधियाना/यूटर्न/23 मई। शनिवार को स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा आरके रोड के नामी मशीनरी एक्सपोर्टर फर्म पर जीएसटी रेड की गई। विभागीय टीम द्वारा मौके पर दस्तावेजों की जांच की गई और कारोबारी गतिविधियों से संबंधित रिकॉर्ड खंगाले गए। चर्चा है की विभाग द्वारा जाली बिलों के मामले में इस कार्यवाही को अंजाम दिया और गहनता पूर्ण जाँच की गई। लेकिन एकाएक इस पूरे मामले में विभाग से इंकार ओर मामले की आधिकारिक जानकारी देने में टालमटोल का रुख अपनाए जाने से मामले ने तूल पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई के बाद




मामले को लेकर कई पहलुओं पर सवाल उठ रहे हैं और जांच प्रक्रिया को लेकर पारदर्शिता की कमी पर भी चर्चा हो रही है। स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को लेकर व्यापारिक हलकों में हलचल देखी गई।


उधर भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी पहले ही कई एक्साइज और जीएसटी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अधिकारीयों पर कारोबार में हिस्सेदारी करने एवं सरकारी राजस्व को चुना लगाने के मामले उजागर कर चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय स्तर पर कई मामलों में अनियमितताओं को दबाने की कोशिश की जाती है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। फिलहाल विभाग की ओर से इस कार्रवाई पर विस्तृत बयान जारी नहीं किया गया है, जिससे मामले को लेकर रहस्य और बढ़ गया है। जांच के आगे बढ़ने के साथ ही और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए माइक्रो इरिगेशन पर जोर, किसानों को 85% सब्सिडी देगी हरियाणा सरकार



चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि राज्य सरकार हर खेत तक पर्याप्त सिंचाई पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत किसानों के समूह बनाकर 10 एकड़ या उससे अधिक भूमि के लिए सामूहिक टैंक बनाए जाएंगे, जिन पर सरकार 85 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। शनिवार को हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन टैंकों को नहरों से पाइपलाइन के जरिए भरा जाए और फिर माइक्रो इरिगेशन सिस्टम जैसे टपका और स्प्रिंकलर से सिंचाई की जाए। उन्होंने कहा कि 'पर ड्रॉप-मोर क्रॉप' की नीति को अपनाकर कम पानी में ज्यादा उत्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

सिमरन राम-नाम है संगी, सखा स्नेही सुहृद शुभ अंगी। युग-युग का है राम सहेला, राम-भक्त नहीं रहे अकेला॥



(Sept. 7, 1936 - May 21, 2026)

A **prayer meeting** will be held in Loving Memory of

**Sh. Surinder Mohan Kaushal**

**on 24th May 2026**

**Upper Ground Ballroom Hall, Club Nirvana, Hambran Road, Ludhiana.**

**Lunch : 1 to 2 PM** **Prayer Meeting : 2 to 3 PM**

**Fondly Remembered By**

**Veena Kaushal (Wife)**

***Daughters in law & Sons***
Ambica & Sanjeev Kaushal
Reena & Rupen Kaushal

***Daughter & Son in law***
Meenakshi & Ashok Dhingra

***Sister & Brother in law***
Usha & Pawan Mehta

***Grand daughter in law & Grand Sons***
Vani & Ankit Kaushal
Sugandhi & Udit Kaushal
Nidhi & Aakarshit Dhingra

***Grand daughters***
Tannya & Ananya Kaushal

***Grand daughter & Grand Son in law***
Niharika & Atin Kapoor

***Great Grand Children***
Vaanya, Viaan
Sahana, Rudvay
Anaisha, Zane
Neiv

**NEW ERA INDUSTRIES | NEW ERA MACHINES PVT. LTD.**


## लुधियाना में 26 मई चुनाव से पहले धारा 163 लागू, रैलियों और इकट्ठ पर रोक

लुधियाना/यूटर्न/23 मई। लुधियाना जिले में 26 मई को होने वाली नगर निगम चुनाव-2026 से पहले जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु जैन ने



सख्त सुरक्षा प्रबंध लागू कर दिए हैं। इसके तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 163 लागू कर दी गई है। जारी आदेशों के अनुसार, जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, नारेबाजी, भड़काऊ भाषण देने, मीटिंग, जुलूस और रैलियां करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह कदम चुनाव के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। जिला प्रशासन ने आशंका जताई है कि चुनावी माहौल में गैर-कानूनी जमावड़े और राजनीतिक गतिविधियों के कारण झड़पें हो सकती हैं, जिससे सार्वजनिक शांति और संपत्ति को नुकसान पहुंच सकता है। विवाह समारोह, शोक सभाएं, धार्मिक स्थल और कीर्तन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों को भी इन पाबंदियों से छूट दी गई है। विशेष परिस्थितियों में कोई भी आयोजक सार्वजनिक बैठक या जुलूस के लिए संबंधित उप मंडल मजिस्ट्रेट से लिखित अनुमति ले सकता है। यह अनुमति केंद्र सरकार, पंजाब सरकार, चुनाव आयोग और जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार दी जाएगी। ये आदेश 22 मई से 21 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेंगे।

## 225 दिन बाद खुले हेमकुंड साहिब के कपाट, 5 क्विंटल फूलों से सजा धाम, 3000 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



पंजाब/यूटर्न/23 मई। चमोली में स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार सुबह 11:30 बजे पूरे विधि-विधान और अरदास के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। करीब 225 दिन बाद खुले कपाटों के ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से आए 3000 से अधिक श्रद्धालु धाम में मौजूद रहे। पंच प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था घांघरिया से कठिन चढ़ाई पूरी कर करीब 1500 फीट की ऊंचाई पर स्थित धाम पहुंचा। कपाट खुलते ही पूरी लोकपाल घाटी 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठी। गुरुद्वारे को करीब 5 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। हेमकुंड साहिब के कपाट पिछले साल 10 अक्टूबर 2025 को शीतकाल के लिए बंद किए गए थे। इसके बाद छह महीने से ज्यादा समय तक धाम बर्फ से ढका रहा। इस बार यात्रा शुरू होने से पहले ही 67,690 श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण करा चुके हैं, जिससे शुरूआती दिनों में ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### ऋषिकेश से शुरू हुआ था पहला जत्था

हेमकुंड साहिब यात्रा का पहला जत्था बुधवार को ऋषिकेश स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब से रवाना हुआ था। पंच प्यारों की अगुवाई में रवाना हुए जत्थे को दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने विदा किया था। तीन दिन की यात्रा के बाद श्रद्धालु गोविंदघाट और घांघरिया होते हुए धाम तक पहुंचे। यात्रा के दौरान कीर्तन, लंगर और अरदास का आयोजन भी किया गया। इस बार यात्रा शुरू होने के साथ ही हरिद्वार, ऋषिकेश और चमोली में श्रद्धालुओं की आवाजाही तेजी से बढ़ गई है।

# दूसरे राल्सन हाई फ्लायर्स अवार्ड का भव्य एवं सफल आयोजन, शिक्षा, राजनीति और व्यापार जगत की कई नामचीन हस्तियों ने की शिरकत



लुधियाना/यूटर्न/23 मई। यूटर्न टाइम अखबार और जनहितैषी न्यूज चैनल की और से हाई फ्लायर्स 2026 अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन किया। यह समारोह पंजाबी भवन में 23 मार्च शनिवार को आयोजित किया गया। इस दौरान पंजाब बोर्ड, आईसीसी और सीबीएसई बोर्ड में टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। इस दौरान शहर के अलग अलग स्कूलों के स्टूडेंट्स को अवॉर्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। अवॉर्ड फंक्शन में 400 से ज्यादा स्टूडेंट्स द्वारा हिस्सा लिया गया। वहीं उनके टीचर्स और पेरेंट्स भी इस अहम पल का हिस्सा बने। वहीं शहर के सामाजिक और राजनीतिक आगूओं द्वारा भी समारोह में शिरक्त की गई। शिरकत करने वालों में प्रमुख रुप से राज्यसभा मेंबर पंजाब सतनाम सिंह संधू, विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला, बीजेपी पंजाब के कैशियर गुरदेव शर्मा देबी, बिक्रम सिंह सिद्धू, पंजाब लोक सेवा आयोग के मेंबर सुनील कपूर समेत अलग अलग पार्टियों के कई सीनियर लीडर शामिल हुए। वहीं इस दौरान रॉल्सन के चेयरमैन संजीव पाहवा, रॉल्सन के वाइस प्रेजिडेंट करणजीत सिंह, सॉलिटियर होम्स के एमडी जश्नप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह कुलार, अवतार सिंह भोगल, रिषी पाहवा, राहुल आहुजा, हिमांशु कवात्रा, केके गर्ग, मोटीवेशनल स्पीकर अंजलि खुराना, अमन भाटिया, नोबल फाउंडेशन के संस्थापक राजिंद्र शर्मा, अविनाश गुप्ता, संदीप बहल, एस दुआ, संदीप धीर नवनीत जैरथ, वीके गोयल, बॉम्बे मैटल के सुनील विरमानी और गौरव विरमानी समेत उद्योग जगत के कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।



















Uturn Time 24 May 2026_Layout 2 23-05-2026 23:24 Page 4



# बीवीएम, यूएसएन में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु क्षमता निर्माण सत्र आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/23 मई। भारतीय विद्या मंदिर, ऊधम सिंह नगर में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके समग्र कल्याण को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों के लिए एक प्रेरक क्षमता निर्माण सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराना था, ताकि वे कक्षा में अधिक प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर सकें। इस ज्ञानवर्धक सत्र का संचालन स्प्रिंग बेल्स डे बोर्डिंग स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. गिनाक्षी कपूर तथा जीएडी अकादमी की प्रधानाचार्य सुश्री सुनीता कुमारी ने किया। उन्होंने संवादात्मक गतिविधियों, समूह चचाओं और व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य उनके सीखने की क्षमता, सहभागिता और कक्षा के वातावरण को सीधे प्रभावित करता है। शिक्षकों को बेहतर संचार कौशल, तनाव से निपटने के उपाय और छात्रों के साथ मजबूत संबंध बनाने के तरीके भी सिखाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री पवन सूद ने वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ शिक्षक ही आत्मविश्वासी और सफल विद्यार्थियों का निर्माण कर सकते हैं।

## ताऊ देवीलाल स्टेडियम के पीछे खाली मैदान में भीषण आग, तीन घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू



पंचकूला/यूटर्न/23 मई। पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम के पीछे खाली पड़े मैदान में शुक्रवार सुबह अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि स्टेडियम के पीछे खाली स्थान पर आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही पीसीआर-5 और सेक्टर-21 पुलिस चौकी इंचार्ज दीदार सिंह अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आसपास खड़े वाहनों को सुरक्षित स्थान पर हटवाया, ताकि आग फैलने से किसी बड़े नुकसान को रोका जा सके।

## आईपीओ ट्रेडिंग के नाम पर 1.37 करोड़ की साइबर ठगी, नौवां आरोपी गिरफ्तार; 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया

अजीत झा



पंचकूला/यूटर्न/23 मई। आईपीओ ट्रेडिंग के नाम पर 1.37 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में नौवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इससे पहले 20 मई को पुलिस ने लुधियाना से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ के दौरान इस आरोपी का खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार पंचकूला निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि जनवरी 2026 में उसे इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए आईपीओ ट्रेडिंग में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया।

## अभिरंग कार्यक्रम में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग






लुधियाना/यूटर्न/23 मई। डीएवी पब्लिक स्कूल, पक्खोवाल रोड में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा 'अभिरंग -प्रतिभा, एकता और सफलता का उत्सव' बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. सतवंत कौर भुल्लर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जबकि सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। राजस्थानी और गुजराती नृत्यों ने लोक संस्कृति की झलक पेश की, वहीं सूफी गीत ने सभी का मन मोह लिया। 'विकसित भारत' विषय पर नृत्य-नाटिका ने देश के उज्ज्वल भविष्य को दशार्या, जबकि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित देशभक्ति प्रस्तुति ने दर्शकों में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई। गिद्धा और भांगड़ा की ऊजार्वान प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने कक्षा नौवीं और बारहवीं के उन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, साथ ही ओलंपियाड विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। अंत में अकादमिक सुपरवाइजर गोपाल ठाकुर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पॉश इलाके में शराब कारोबारी बना रहा था क्वार्टर, लोगों ने जताया विरोध, पार्षद व पति ने मौके पर पहुंच लगाया ताला

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/23 मई। लुधियाना की पॉश कॉलोनी रानी झांसी रोड स्थित मॉल एन्क्लेव इलाके में एक शराब कारोबारी की और से अपने वर्करों के रहने के लिए क्वार्टर बनवाए जा रहे थे। जिसका निर्माण कार्य जारी थी। लेकिन जब इलाका निवासियों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने प्रैस कांफ्रेस कर डाली, जहां उन्होंने इस क्वार्टर के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। जिसके बाद डैमेज कंट्रोल के लिए वॉर्ड 71 की महिला पार्षद नंदिनी जैरथ और उनके पति आम आदमी पार्टी के नेता मनू जैरथ मौके पर पहुंचे। जिन्होंने लोगों का आक्रोश देखते हुए तुरंत क्वार्टर का निर्माण कार्य रोका। जिसके बाद क्वार्टर को ताला लगा दिया। उन्होंने इलाका निवासियों को आश्वासन दिया है कि यहां वर्करों के रहने के लिए क्वार्टर नहीं बनाए जाएंगे। हालांकि अब देखना होगा कि क्या यह वादा बरकरार रहेगा या नहीं।




## बिट्टू छाबड़ा द्वारा क्वार्टर बनवाने की चर्चा

जानकारी के अनुसार इलाका निवासियों द्वारा शनिवार शाम को प्रैस कांफ्रेस की गई। जिसमें उन्होंने सीधे आरोप लगाए कि शराब कारोबारी बिट्टू छाबड़ा की और से यह मॉल एन्क्लेव में क्वार्टर बनाए जा रहे हैं। यह क्वार्टर उनकी और से अपने वर्करों के लिए बनवाए जा रहे हैं। जहां पर करीब 200 से 250 वर्कर रहा करेगें। लोगों ने आरोप लगाए कि मॉल एन्क्लेव पॉश एरिया है। लेकिन अब यहां क्वार्टर बनेगें, तो इसकी रॉयलिटी खत्म हो जाएगी। जिसके चलते उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया।

## पार्षद व पति ने मौके पर पहुंचकर लगाया ताला

प्रैस कांफ्रेस होते ही यह मामला आग की तरह शहर में फैल गया। हालांकि मॉल एन्क्लेव वॉर्ड 71 के अधीन ही आता है। जहां से आप पार्टी की पार्षद नंदिनी जैरथ हैं। वहीं उनके पति मनू जैरथ भी नेता है। क्वार्टर बनाने वाले शराब कारोबारी बिट्टू छाबड़ा उनके रिश्ते में चाचा लगते हैं। अब इस विवाद के बाद पार्षद नंदिनी जैरथ पति मनू जैरथ के साथ मौके पर पहुंची और उन्होंने क्वार्टर को ताला लगा दिया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि यहां क्वार्टर नहीं बनने दिए जाएंगे।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 रविवार, 24 मई 2026



पेज 12 पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद दो शूटर गिरफ्तार...

# नया तापमानः दिल्ली में तापमान 65 डिग्री पहुंचा, भले ही आईएमडी 42 डिग्री बता रहा हो ?

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। सूरज सिर्फ. लुधियाना, दिल्ली, गुरुग्राम या किसी भी ऐसी जगह पर ही गर्म नहीं है जो किसी भट्टी जैसी लगती हो। यह शहर को जमीन से ऊपर तक पूरी तरह से तपा रहा है। जैसे-जैसे राष्ट्रीय राजधानी और उत्तरी भारत के बड़े हिस्सों में तापमान 40 डिग्री और 45 डिग्री के बीच बना हुआ है, लाखों निवासियों के लिए घर से बाहर निकलना एक बड़ी चुनौती बन गया है। लेकिन आपके वेदर ऐप पर दिखने वाले आँकड़े या आईएमडी जो बताता है, वह तो आधी ही कहानी है। पूर्वी दिल्ली की एक घनी आबादी वाली रिहायशी बस्ती, नंद नगरी ने एक कहीं ज्यादा चिंताजनक सच्चाई सामने रखी है। ग्रीनपीस इंडिया द्वारा दिए गए एक थर्मल कैमरे और एक हाथ में पकड़े जाने वाले तापमान मीटर का इस्तेमाल करके, हमने उस इलाके में कई जगहों पर सतह का असल तापमान मापा। नतीजे चौंकाने वाले थे।



## गाड़ियों की सतह का तापमान बढ़ा

सीधी धूप में, सड़कों और खड़ी गाड़ियों की सतह का तापमान 65 डिग्री से भी ज्यादा हो गया था। एक थर्मल कैमरा इंफ्रारेड रेडिएशन का पता लगाकर काम करता है, जो सभी चीजों से निकलने वाली अदृश्य गर्मी होती है और उसे रंगों वाली एक विजुअल इमेज में बदल देता है। ज्यादा गर्म सतहें स्क्रीन पर लाल या सफेद रंग में चमकती हैं; जबकि ठंडी सतहें नीली या हरी दिखाई देती हैं। इस मामले में, सड़क का डामर आग की तरह तप रहा था।

## लगातार ऊपर नीचे हो रहा तापमान

लेकिन, अगर आप कुछ ही मीटर चलकर किसी पेड़ की छाँव में चले जाएँ, तो तापमान गिरकर लगभग 40 डिग्री पर आ जाता है। यानी, कुछ ही कदम चलने पर तापमान में लगभग 20 डिग्री सेल्सियस का फर्क आ जाता है। यह फर्क कोई मामूली बात नहीं है। 65 डिग्री तापमान पर, बिना ढकी त्वचा कुछ ही सेकंड में जल सकती है। जो बच्चे ऐसी सतहों पर नंगे पैर खेलते हैं और नंद नगरी जैसी बस्तियों में ऐसे बच्चों की कोई कमी नहीं है, उन्हें इससे सबसे ज्यादा खतरा होता है।

# कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह द्वारा पहली बैठक के दौरान पंचायत से किया गया वादा पूरा किया गया




दलजीत अजनौहा

हशियारपुर/यूटर्न/23 मई। गाँवों की नुहार बदलने के संकल्प के साथ आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा शाम चौरासी क्षेत्र के विधायक और कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह दिए गए निर्देशों के तहत गाँव कक्कों में सीमेंट की सड़क बनवाई जा रही है। गाँव कक्कों में नव गठित पंचायत द्वारा पहली ही जनता मिलनी (जनसुनवाई) में, सरपंच अनीता रानी की उपस्थिति में, पिछले वर्ष गाँव आए कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह को गाँव की सबसे बड़ी समस्या — गाँव की मुख्य सड़क — के बारे में बताया गया था। उस दौरान डॉ. रवजोत सिंह होरां ने शीघ्र ही इस समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया था और यह बहुत खुशी की बात है कि डॉ. रवजोत सिंह के द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग को जारी निर्देशों के अनुसार गाँव कक्कों में नई सीमेंट सड़क की निर्माण कार्य शुरू करवा दी गई है। इससे गाँव के लोगों में बहुत खुशी व्याप्त है। सरपंच अनीता रानी के साथ पंचायत सदस्य परमजीत कौर, कुँविंदर कुमार, करम सिंह, सुनील कुमार, संदीप कुमार, कमलजीत सिंह भूपा तथा अन्य गाँववासियों ने बन रही सड़क का निरीक्षण किया और पंजाब सरकार का धन्यवाद किया।

# लेह में भारतीय सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश, तीन आर्मी ऑफिसर बचे, मेजर जनरल ने सेल्फी ली

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। भारतीय हवाई सेना का हेलिकॉप्टर लद्दाख के पथरीले पहाड़ों में अचानक क्रैश होकर गिर गया। उसमें मौजूद तीनों ऑफिसर बच गए। हेलिकॉप्टर तेजी से नीचे जा रहा था। उनके पास न पैराशूट थे, न दूसरा मौका, और न ही गलती की कोई गुंजाइश। फिर भी, लेह के पास बंजर तांग्स्ते इलाके में हेलिकॉप्टर क्रैश होने के बाद, लेफ्टिनेंट कर्नल, मेजर और मेजर जनरल सचिन मेहता किसी तरह ज़िंदा बच निकले। उन्हें चोटें आई थीं, लेकिन सांसें चल रही थीं। उन कठोर पहाड़ों में, जहाँ ज़िंदा रहना भी अनिश्चित लगता है, उनका बच निकलना किसी चमत्कार से कम नहीं था। भारतीय सेना के पुराने चीता बेड़े का हिस्सा यह हेलिकॉप्टर, 20 मई को लेह के पास ऊँचाई वाले इलाके में उड़ान भरते समय क्रैश हो गया। इस सिंगल-इंजन हेलिकॉप्टर को एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर उड़ा रहे थे, जबकि तीसरी इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल सचिन मेहता एक यात्री के तौर पर सफर कर रहे थे। इस दुर्घटना में तीनों ऑफिसरों को चोटें आई।





## सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल

क्रैश के कुछ ही देर बाद ली गई एक तस्वीर तब से सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इस सेल्फी में मेजर जनरल मेहता, हेलिकॉप्टर के टूटे-फूटे मलबे के पास पत्थरों पर बैठे हुए, दोनों पायलटों के साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक में, ज़िंदा बचने की एक असाधारण कहानी का प्रतीक बन गई है। अब इस बात का पता लगाने के लिए एक आधिकारिक जाँच के आदेश दिए गए हैं कि आखिर यह क्रैश किस वजह से हुआ।

## पुराने हेलिकॉप्टरों की सुरक्षा को लेकर चिंता

इस घटना ने एक बार फिर सेना के पुराने चीता हेलिकॉप्टरों की सुरक्षा को लेकर चिंताएँ बढ़ा दी हैं; ये हेलिकॉप्टर सबसे पहले 1970 के दशक में सेना में शामिल किए गए थे। इन हेलिकॉप्टरों को लंबे समय से दुनिया की सबसे बेहतरीन ऊँचाई पर उड़ने वाली मशीनों में से एक माना जाता रहा है, और 1984 में 'ऑपरेशन मेघदूत' के दौरान इन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। फिर भी, पिछले कुछ सालों में इस बेड़े से जुड़े बार-बार होने वाले क्रैश ने इन दशकों पुरानी मशीनों पर पड़ने वाले दबाव और ऐसे मुश्किल इलाकों में इन्हें उड़ाने वाले पायलटों को होने वाले खतरों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# हर घर तक स्वच्छ पानी और सीवरेज सुविधा प्राथमिकता, 395 पंचायतों में खुलेंगी लाइब्रेरी




चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। हरियाणा सरकार अब बुनियादी सुविधाओं को लेकर पूरी रफ्तार में नजर आ रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ कहा है कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल और सीवरेज सुविधा पहुंचाना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। 'हरियाणा विजन-2047' के तहत हुई अहम बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अगले 5 साल का स्पष्ट रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी ही नहीं, ग्रामीण इलाकों और नई कॉलोनियों तक भी पानी, सीवरेज और अन्य सुविधाएं हर हाल में पहुंचनी चाहिए।

सरकार की योजना है कि हर 5000 की आबादी पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाए और भविष्य के स्मार्ट शहरों में 24 घंटे पानी सप्लाई का मॉडल तैयार किया जाए। इसके साथ ही पुरानी सीवरेज लाइनों को सुधारने और नई लाइनों के निर्माण पर भी जोर दिया गया है। इसी बीच, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बड़ा ऐलान करते हुए जिले की 395 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी खोलने की बात कही है। इससे गांवों में शिक्षा और जागरूकता को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। सरकार का लक्ष्य साफ है — मजबूत बुनियादी ढांचा, बेहतर सुविधाएं और भविष्य के लिए तैयार हरियाणा।

# बाली में गूंजा हरिनाम संकीर्तन, श्रीमद् भागवत की भव्य शोभा यात्रा ने मोहा मन













लुधियाना/यूटर्न/23 मई। बाली की पावन धरती पर हरिनाम संकीर्तन की मधुर ध्वनि के साथ आध्यात्मिकता का अनुपम संगम देखने को मिला, जब श्री भागवत सेवा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दिव्य यात्रा में श्रद्धालुओं ने अपार श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ श्रीमद् भागवत के स्वरूप को अपने सिर पर धारण कर नगर भ्रमण किया। 'हरे कृष्ण' और 'जय श्रीकृष्ण' के गगनभेदी उद्घोषों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजन-अर्चना से हुई। विद्वान पंडितों ने कहा कि जहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होता है, वहां भगवान श्रीकृष्ण की विशेष कृपा बनी रहती है और वातावरण पवित्र हो जाता है। कथा व्यास देवी चित्रलेखा ने अपने प्रवचनों में बताया कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि हरिनाम संकीर्तन और भगवान की लीलाओं का श्रवण करने वाला व्यक्ति प्रभु को अत्यंत प्रिय होता है। शोभा यात्रा के दौरान विदेशी पर्यटकों का उत्साह भी देखते ही बना। कई विदेशी श्रद्धालु संकीर्तन की धुन पर झूमते नजर आए और भारतीय संस्कृति की दिव्यता को करीब से अनुभव किया। यह आयोजन विश्व में प्रेम, शांति और सनातन संस्कृति का संदेश देने वाला सिद्ध हुआ।

## बाली में भागवत कथा से फैला शांति और भक्ति का संदेश : राजिंदर छाबड़ा

राजिंदर छाबड़ा ने कहा, 'विदेशी भूमि पर इस तरह का आध्यात्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की वैश्विक पहचान को मजबूत करता है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है।'

## रूह से रूबरू



चारु नागपाल



### क्या लोकतंत्र की आजादी अपनी सीमाएँ पार कर रही है?

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहाँ हर नागरिक को अपनी बात कहने की स्वतंत्रता दी गई है। यह आजादी हमारे संविधान की सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। लेकिन आज के समय में ऐसा महसूस होने लगा है कि कुछ लोग इस स्वतंत्रता का गलत अर्थ निकाल रहे हैं।

अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर शिष्टाचार, मर्यादा और जिम्मेदारी को पीछे छोड़ दिया गया है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने लोगों को खुलकर बोलने का मंच दिया है, परंतु कई बार यह मंच अपमान और कटुता फैलाने का साधन बन जाता है। आज कुछ लोग नियम और उसूल तोड़ने को ही अपनी शान समझने लगे हैं। देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री या अन्य संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के बारे में बिना सोच-समझ के अपमानजनक बातें कहना आम होता जा रहा है। आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन आलोचना और अपमान में बड़ा अंतर होता है। लोकतंत्र हमें अधिकार देता है, पर साथ ही जिम्मेदारी भी सिखाता है। यदि नागरिक अपनी भाषा और व्यवहार की मर्यादा भूल जाएँ, तो समाज में सम्मान और अनुशासन कमजोर पड़ने लगता है। इसलिए हमें अपनी स्वतंत्रता का उपयोग समझदारी, सभ्यता और देशहित को ध्यान में रखकर करना चाहिए।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या पत्नी Husband की Income Details मांग सकती है?**

Maintenance, divorce या अन्य वैवाहिक विवादों में अक्सर सबसे बड़ा प्रश्न होता है— पति की वास्तविक आय (actual income) कितनी है? ऐसे मामलों में पत्नी अदालत से income details मांग सकती है। जब maintenance या financial support का मामला चलता है, तो अदालत दोनों पक्षों की आर्थिक स्थिति जानना जरूरी समझती है। इसलिए salary slips, income tax returns (ITR), bank statements, business records और property details जैसे दस्तावेज मांगे जा सकते हैं।

यदि पति अपनी आय छुपाने की कोशिश करता है, तो अदालत उपलब्ध तथ्यों, lifestyle और अन्य परिस्थितियों के आधार पर भी आय का अनुमान लगा सकती है।

यह अधिकार केवल पत्नी तक सीमित नहीं है। कुछ परिस्थितियों में पति भी पत्नी की income details मांग सकता है, यदि आर्थिक विवाद या maintenance का प्रश्न हो। आजकल अदालतें financial disclosure को गंभीरता से लेती हैं, क्योंकि maintenance और alimony का निर्णय काफी हद तक वास्तविक आय पर निर्भर करता है। कई लोग अपनी income कम दिखाने या assets छुपाने की कोशिश करते हैं, लेकिन electronic records, bank transactions और tax documents के कारण यह हमेशा आसान नहीं होता।

निष्कर्ष: वैवाहिक मामलों में income details महत्वपूर्ण साक्ष्य होती हैं। अदालत निष्पक्ष निर्णय के लिए दोनों पक्षों की वास्तविक आर्थिक स्थिति जानने का अधिकार रखती है।

# शादी के 3 महीने बाद फौजी ने सुसाइड किया, पत्नी प्रेमी संग भागने पर उठाया कदम, पुलिस ने नहीं की थी सुनवाई

पंजाब/यूटर्न/23 मई। गुरदासपुर में बटला के गांव छित में पत्नी पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर भारतीय सेना के एक जवान ने जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले जवान ने फेसबुक पर लाइव आकर बताया कि उसकी पत्नी शादी के 2 महीने बाद ही अपने प्रेमी के साथ भाग गई। मृतक की पहचान गांव छित के रहने वाले कंवलजीत सिंह (30) के रूप में हुई है। करीब 3 साल पहले वह सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में 17 सिख रेजिमेंट, जयपुर में तैनात थे। हाल ही में उन्हें अस्थायी नियुक्ति पर जबलपुर (मध्य प्रदेश) भेजा गया था। करीब 3 महीने पहले जवान की शादी हुई थी। शुक्रवार (22 मई) को जबलपुर में सफर के दौरान उन्होंने फेसबुक पर लाइव आकर अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए और जहर खा लिया। शनिवार को जवान का अंतिम संस्कार किया गया।



कंवलजीत सिंह की फाइल फोटो और मां का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

## सरब को सबक सिखा देना

फौजी ने मरने से पहले जो वीडियो बनाया, उसमें उसने कहा- सरब (पत्नी सरबजीत कौर) को सबक सिखाना है। यह रास्ता मेरी मौत की तरफ जा रहा है, देख लो। इस सरब को सबक सिखा देना। बस एक बार सबक सिखाना कि किसे छोड़ना है और किसे नहीं। मुझे और कुछ नहीं चाहिए, बस वह जेल में सड़नी चाहिए। सरब और गुरभेज (पत्नी का बॉयफ्रेंड), जो इनका लव रिलेशन है, बस इन दोनों को सबक सिखाना। जो यह सरब का बाप (ससुर) कहता था, मेरा बच्चा-मेरा बच्चा, वह अपने बच्चे की साइड (पक्ष) लेता था ना। इसने लड़के के साथ अपनी लड़की भगाई है। उसके यहां सरब रहकर आई है।

## पुलिस लेती एक्शन, तो घटना न होती


मृतक की मां सुरजीत कौर ने रोते हुए बताया कि उनके इकलौते बेटे कंवलजीत सिंह की शादी इसी साल फरवरी 2026 में सरबजीत कौर नाम की युवती से हुई थी। शादी के महज 2 महीने बाद ही सरबजीत कौर रात के करीब 3 बजे अपने प्रेमी के साथ घर से भाग गई। परिवार का आरोप है कि कंवलजीत ने इस मामले की शिकायत थाना सदर पुलिस में भी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। अगर पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो यह घटना न होती।

# विटामिन डी की कमी बनी महामारी

## 70 प्रतिशत डाक्टर, 90 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं, 80% आम आदमी विटामिन डी की कमी का शिकार

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 22 मई। चिकित्सा विशेषज्ञो ने विटामिन डी को कई भयानक बीमारियों से बचाव के लिए रामबाण बताया है परंतु दूसरी ओर 80 प्रतिशत से अधिक लोगों में विटामिन डी की कमी पाई जा रही है। वैज्ञानिकों व शोधकताओं के अनुसार विटामिन डी, विटामिन नहीं एक हार्मोन है जिसकी जरूरत शरीर के हर सैल को होती है।




### 70% डॉक्टर विटामिन डी की कमी का शिकार

विशेषज्ञ मानते हैं कि आम आदमी के अलावा 70 प्रतिशत डाक्टर व मैडीकल स्टूडेंट, 60 प्रतिशत युवा होती लड़कियां, अस्पताल में भर्ती होने वाले 80 प्रतिशत मरीज, 90 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं व इनसे पैदा होने वाले 85 प्रतिशत बच्चों में विटामिन डी की कमी पाई जा रही है। विटामिन डी की कमी भारत में ही नहीं, पूरे विश्व में सामने आई है। अमरीका, इंगलैंड व यूरोप में 57 हजार वयस्कों के शोध दौरान उनमें विटामिन डी की कमी पाई गई। दूसरी ओर सैन डियागो में लगभग 2 हजार लोगों पर चली 3 वर्ष की रिसर्च के बाद पाया गया कि जिन लोगों के रक्त में विटामिन डी की अधिक मात्रा पाई गई, वह टाइप टू डायबिटीज यानी शूगर की गिरफ्त में कम आए। इसी तरह विटामिन डी की कमी से ब्रैस्ट कैंसर के बढ़ते खतरे के नजरिए से की गई शोध के दौरान 103 ब्रैस्ट कैंसर की महिला मरीजों में विटामिन डी की कमी पाई गई।

### विटामिन डी विभिन्न बीमारियों से करता है रक्षा

यह उच्च रक्तचाप, हृदय रोगों, स्ट्रोक हार्ट फेल, शुगर आटो एम्युन डिजीज, मल्टीपल सैक्लोरोसिस के अलावा ब्रैस्ट, प्रोस्टेट व रेक्टम कैंसर के साथ-साथ चर्म रोगों, सोराइसिस, दांतों, आंखों, हड्डियों संबंधी रोगों में न सिर्फ रक्षा करता बल्कि उपचार में भी सहायक है। इसकी मात्रा रक्त के सामान्य 30 से 74 नैनोग्राम प्रति मिलीलीटर आंकी जाती है। इसकी कमी से उपरोक्त बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### विटामिन डी सूर्य की रोशनी से मिलता है मुफ्त

**सनस्क्रीन रोकती है विटामिन डी...** चौंकाने वाला तथ्य है कि विटामिन डी सूर्य की रोशनी से मुफ्त मिलता है जो लोग सूर्य की रोशनी में नहीं रहना चाहते, उनमें विटामिन डी की कमी का खतरा अधिक रहता है। बाहर निकलने से पहले सन स्क्रीन का इस्तेमाल 95 प्रतिशत तक सूर्य की रोशनी से मिलने वाले विटामिन डी को रोक देती है। आज मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर व हड्डियों संबंधी रोगों के विशेषज्ञ भी इस बात को मानते हैं कि उपचार के दौरान उनके मरीजों में विटामिन डी की कमी पाई गई। सूर्य की रोशनी जब त्वचा को छूती है तो शरीर में प्राकृतिक रूप से विटामिन डी की संरचना शुरू हो जाती है। यह शरीर में कैल्शियम को टिके रहने में सहायक है। सूर्य की रोशनी के अलावा विटामिन डी मछली, मछली के तेल, दूध से बनी वस्तुओं, अनोज में अल्प मात्रा में रहता है। यह शरीर में किडनी व लीवर द्वारा सक्रिय होता है। किडनी और लीवर डैमेज के मरीजों में विटामिन डी कम ही पाया जाता है।

### बाली में भागवत कथा से फैला शांति और भक्ति का संदेश : राजिंदर छाबड़ा

*राजिंदर छाबड़ा ने कहा, 'विदेशी भूमि पर इस तरह का आध्यात्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की वैश्विक पहचान को मजबूत करता है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है।'*

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

हुंजन अस्पताल के हड्डियों के रोगों के विशेषज्ञ डा. बलवंत सिंह हुंजन के अनुसार आर्थो आर्थराइटिस व ओस्टोपरोसिस के मरीजों में विटामिन डी की काफी कमी देखी जा रही है। विटामिन डी शरीर में कैल्शियम को जज्ब करता है। कैल्शियम कम होने से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। सीबिया मैडीकल सेंटर के डा. एस.एस. सीबिया ने बताया कि दवा कम्पनियां सिथैटिक विटामिन डी बेच रही हैं लेकिन लोग इसके प्रति जागरूक नहीं। पंचम अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरपी सिंह ने कहा कि हृदय रोगियों में विटामिन डी की कमी देखी जा रही है।

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञो ने बताया कि बच्चों में विटामिन डी की कमी के मामले कम सामने आए हैं पर क्रोनिक मामलों में विटामिन डी की कमी नजरअंदाज नहीं की जा सकती। प्रमुख डायटीशियन किसी सेमिनार में अपने वक्तव्य में इस बात का जिक्र करती है कि मरीजों में विटामिन डी की कमी देखी जा रही है उनका मानना है की दिशा में और रिसर्च की जरूरत है

प्रसिद्ध होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉक्टर विश्वनाथ सूद ने बताया कि विटामिन डी की कमी के कारण शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर पड़ जाती है। फलस्वरूप कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। पर्यावरण प्रदूषण फसलों पर कीटनाशकों का इस्तेमाल से उत्पन्न खतरों के अलावा अब लोग विटामिन डी की महामारी से जूझते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि थोड़ी-बहुत विटामिन डी की कमी को शरीर एडजस्ट कर लेता है इसलिए भयभीत होने की जरूरत नहीं पर अधिक कमी खतरनाक होती है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सूर्य की रोशनी विटामिन डी का बढ़िया स्रोत है।

दयानंद मैडीकल कालेज एवं अस्पताल के पूर्व मैडीकल सुपरिटेंडेंट डा. संदीप पुरी ने बताया कि विटामिन डी का स्रोत मछली, ड्राई मशरूम में पाया जाता है पर सूर्य की रोशनी इसका मुख्य स्रोत है। पिछले 10 वर्षों में विटामिन डी पर काफी रिसर्च हुई और करीब 10 हजार शोद पत्र लिखे गए। इसकी कमी का संबंध आंतड़ियों के कैंसर, हृदय रोगों आदि बीमारियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है क्योंकि इन मरीजों में विटामिन डी की काफी कमी देखी गई है। उन्होंने कहा कि रोज अगर कम से कम 20 मिनट के लिए कोई व्यक्ति चेहरा, गर्दन, आधे बाजू की कमीज पहन आधे से एक घंटा सूर्य की रोशनी में रहता है तो उसकी विटामिन डी की पूर्ति काफी हद तक हो जाती है। उन्होंने कहा कि अगर किसी में विटामिन डी की कमी सामने आती है लोगों में विटामिन डी की कमी के चलते दवा कम्पनियां सक्रिय हो गई हैं। पहले 1-2 कम्पनियां विटामिन डी के विकल्प बेच रही थीं, अब इनकी संख्या 20 से अधिक हो गई है।

## अभिरंग : डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रतिभा, एकता और सफलता का भव्य उत्सव

लुधियाना/यूटर्न/23 मई। डीएवी पब्लिक स्कूल, पक्खोवाल रोड में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा 'अभिरंग - प्रतिभा, एकता और सफलता का उत्सव' बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. सतवंत कौर भुल्लर द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद विद्यालय के कोयर द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। राजस्थानी नृत्य की शाही झलक



और सूफी गीत की मधुरता ने समां बांध दिया। 'विकसित भारत' विषय पर नृत्य-नाटिका ने देश के उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना प्रस्तुत की, वहीं गुजराती नृत्य ने रंग और ऊर्जा से मंच को जीवंत कर दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित देशभक्ति प्रस्तुति ने दर्शकों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। गिद्धा और भांगड़ा की जोशीली प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को चरम उत्साह तक पहुंचा दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने कक्षा नौवीं व बारहवीं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा ओलंपियाड विजेताओं को पुरस्कृत किया। अंत में अकादमिक सुपरवाइजर श्री गोपाल ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन गर्व और एकता की भावना के साथ हुआ।

## पेट्रोल पंप पर 20 रुपए का फटा नोट लेने से इंकार करने पर युवकों ने की मारपीट

लुधियाना/यूटर्न/23 मई। हैबोवाल के एक एचपी के पेट्रोल पंप पर ग्राहक द्वारा 20 रुपए का फटा हुआ नोट देने पर विवाद हो गया। जिसके बाद ग्राहक ने अपने थार सवार साथियों को मौके पर बुला लिया। जिसके बाद उन्होंने पंप कर्मियों को बुरी तरह से पीटा। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। यह फुटेज तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पेट्रोल पंप पर मौजूद चश्मदीद महिला कर्मचारी



पेट्रोल पंप कर्मी को पीटते हुए युवक

रितु ने इस पूरी घटना की आंखों देखी आपबीती साझा की है। उसका कहना है कि दो युवक पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने के लिए आए थे। उन्होंने अपनी गाड़ी में पेट्रोल डलवाया। जब भुगतान की बारी आई तो उनके पास 20-20 रुपये के तीन नोट थे, जो बुरी तरह से फटे हुए थे। जब पंप कर्मी ने फटे नोट लेने से मना किया और उन्हें बदलने को कहा, तो युवक ने कहा कि उसके पास और पैसे नहीं हैं। जिसके बाद बहस हो गई।

# पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ मलोया में कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्र सरकार पर साधा निशाना






चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में शुक्रवार को मलोया गांव में चंडीगढ़ कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का आयोजन चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एससी डिपार्टमेंट की ओर से किया गया, जिसकी अगुवाई कांग्रेस अध्यक्ष H. S. Lucky ने की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महंगाई को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है और रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च लगातार बढ़ रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए एच.एस. लक्की ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई बढ़ाकर आम लोगों के साथ 'क्रूर मजाक' कर रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार तीसरी बार बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि केंद्र सरकार को आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती कीमतों का सीधा असर रसोई, परिवहन और जरूरी वस्तुओं पर पड़ रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

एससी डिपार्टमेंट के चेयरमैन धर्मबीर ने कहा कि महंगाई की सबसे अधिक मार मजदूर और गरीब तबके पर पड़ रही है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। वहीं महिला कांग्रेस अध्यक्ष नंदिता हुड्डा और पार्षद निर्मला ने भी केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज उठाती रहेगी और महंगाई के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम की आयोजक परमजीत कौर ने कहा कि मलोया समेत पूरे शहर में लोग बढ़ती महंगाई से परेशान हैं और कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रहेगी। प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, महिला कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल टीम ने आरोपी को 6.92 ग्राम हेरोइन और 9.89 ग्राम आईस के साथ दबोचा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस के जिला अपराध प्रकोष्ठ (डीसीसी) को बड़ी सफलता मिली है। महिला एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश और डीएसपी/डीसीसी पी. अभिनंदन के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर चिरंजी लाल की निगरानी में टीम ने एक ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6.92 ग्राम हेरोइन और 9.89 ग्राम आईस बरामद की है। जानकारी के अनुसार 23 मई 2026 को एएसआई सुधीर के नेतृत्व में डीसीसी की टीम थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और गश्त पर थी। इसी दौरान सेक्टर-40 सी/डी के मोड़ के पास पुलिस को एक युवक संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6.92 ग्राम हेरोइन और 9.89 ग्राम आईस बरामद हुई।



आरोपी की पहचान मलोया निवासी सलमान के रूप में हुई है। आरोपी की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में एफआईआर नंबर 88 दिनांक 23 मई 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21 और 22 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी वाहन डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता था, लेकिन जल्दी पैसा कमाने के लालच में वह सस्ते दामों पर नशा खरीदकर चंडीगढ़ के विभिन्न इलाकों में नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचता था।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तीन मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। उसके खिलाफ थाना क्राइम, एएनटीएफ और थाना मलोया में पहले से मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके ड्रग नेटवर्क के आगे और पीछे जुड़े लोगों की तलाश में जांच जारी है।

# पार्षद कंवरजीत राणा एवं समस्त गांव वासियों ने प्रशासक गुलाब चंद कटारिया जी का आभार व्यक्त किया





अजीत झा

/यूटर्न/23 मई। वार्ड नंबर-33 के पार्षद एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कंवरजीत सिंह की मेहनत रंग लाई है। सेक्टर-33/45 के लाइट प्वाइंट का बंद रास्ता शुक्रवार को दोबारा खोल दिया गया। रास्ता बंद होने के कारण पिछले कई दिनों से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रास्ता खुलने के मौके पर पार्षद राणा खुद मौजूद रहे और खुशी जाहिर की। राणा ने बताया कि रास्ता बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही थी। बच्चों को स्कूल जाने के लिए काफी आगे चौक से घूमकर जाना पड़ रहा था, जिससे समय और परेशानी दोनों बढ़ रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वह कई बार भाजपा के जनरल सेक्रेटरी रामबीर भट्टी जी के साथ चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मिले। इसके अलावा चंडीगढ़ प्रशासन के अलग-अलग अधिकारियों के साथ भी लगातार बैठकें और बातचीत की गई। राणा ने कहा कि लगातार किए गए प्रयासों और प्रशासन के सहयोग से आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और शुक्रवार को रास्ता दोबारा खोल दिया गया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्रवासियों के सहयोग, विश्वास और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और प्रशासन के अधिकारियों का विशेष आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने लोगों की समस्या को गंभीरता से समझा और समाधान में सकारात्मक भूमिका निभाई। रास्ता खुलने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की है। इस मौके पर पार्षद कंवरजीत राणा के साथ , गुलाब राणा, अजय राणा, अरविंद राणा, बालकृष्ण सिंह,बलजिंदर राणा परवीन शाह और परीक्षित राणा,रामपाल सिंह,कर्मबीर सिंह ,खुशाल सैनी भी मौजूद रहे।

# आप छोड़ बीजेपी में गए राघव चड्ढा का बढ़ा कद, राज्यसभा की अहम समिति की मिली कमान



चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। आम आदमी पार्टी से अलग होकर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को संसद में अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें राज्यसभा की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को भाजपा नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए भरोसे के तौर पर देखा जा रहा है। राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, नए सभापति सीपी राधाकृष्णन ने समिति का पुनर्गठन करते हुए 10 सदस्यों को नामित किया है। यह पुनर्गठन 20 मई 2026 से लागू माना गया है। समिति अब राघव चड्ढा की अध्यक्षता में काम करेगी। राजनीतिक गलियारों में इस फैसले को राघव चड्ढा के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा में शामिल होने के कुछ ही समय बाद उन्हें संसदीय समिति की कमान मिलना कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि अप्रैल 2026 में राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मतभेदों के बाद पार्टी छोड़ दी थी। बाद में वे अन्य सांसदों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। उनके इस कदम ने राष्ट्रीय राजनीति में काफी चर्चा बटोरी थी। याचिका समिति संसद की महत्वपूर्ण समितियों में से एक मानी जाती है। यह समिति आम नागरिकों द्वारा संसद को भेजी गई याचिकाओं और शिकायतों की जांच कर उनसे जुड़े मामलों पर अपनी सिफारिशें सदन के समक्ष रखती है।

# नगर परिषद चुनाव : वार्ड नंबर 15 में ऊषा रानी के पैदल मार्च को मिला भारी जनसमर्थन, बड़ी संख्या में उमड़े वार्ड वासी

## 'आप' नेता गोपी शर्मा की मजबूत पकड़ को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/मई। नगर परिषद चुनाव को लेकर जगराओव के वार्ड नंबर 15 में राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। आम आदमी पार्टी (अअढ) की उम्मीदवार ऊषा रानी द्वारा आज निकाला गया जनसंपर्क पैदल मार्च एक बड़े शक्ति प्रदर्शन में बदल गया। अपने समर्थकों और भारी संख्या में स्थानीय निवासियों के साथ निकाले गए इस मार्च के दौरान वार्ड के विभिन्न इलाकों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।




### चुनावी माहौल में बढ़ा सियासी पारा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस पैदल मार्च के दौरान समर्थकों का जोश सातवें आसमान पर था। वार्ड वासियों ने जगह-जगह ऊषा रानी और उनके परिवार का स्वागत किया और अपना पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया। स्थानीय स्तर पर इस मार्च की सफलता को लेकर हर तरफ चर्चा हो रही है।

### क्यों मजबूत है ऊषा रानी और गोपी शर्मा का दावा ?

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह अभियान महज एक सामान्य पैदल मार्च नहीं था, बल्कि वार्ड में अपनी मजबूत पकड़ का सीधा प्रदर्शन था।

**इसके पीछे मुख्य कारण हैं:**

लगातार जनसंपर्क: वार्ड वासियों के अनुसार, ऊषा रानी लगातार लोगों के बीच बनी हुई हैं और इलाके के हर सुख-दुख में सक्रिय रूप से शरीक होती आई हैं।

**गोपी शर्मा का जमीनी आधार:** चचाओं के मुताबिक, 'आप' नेता गोपी शर्मा लंबे समय से आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं और इलाके के लोगों के सामाजिक व निजी मुद्दों को हल करने में हमेशा आगे रहे हैं।

**बदलता समीकरण:** चुनाव के इस गरमाए माहौल में ऊषा रानी का यह तूफानी जनसंपर्क अभियान विरोधियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है और वार्ड नंबर 15 की राजनीतिक चचाओं के केंद्र में आ गया है।

# मीरी पीरी फुटबॉल अकादमी पदी सूरा सिंह की अंडर-17 टीम बनी चैम्पियन






होशियारपुर/दलजीत अजनोहा — बीएसएफ द्वारा खड़का कैंप में करवाए गए डायमंड जुबली फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में, मीरी पीरी फुटबॉल अकादमी पदी सूरा सिंह की टीम ने फुटबॉल अकादमी पालदी को पेनल्टी किक्स के जरिए हराकर चैम्पियन बनकर खिताब जीता। निर्धारित समय में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गोलरहित बराबरी की; अंततः निर्णय पेनल्टी किक्स के जरिये हुआ और यह मुकाबला 12 वीं पेनल्टी तक गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल हरबिलास बांगड़ा, जथेदार इकबाल सिंह खेड़ा, निर्मल सिंह भीलावाल, कोच जयपाल डांनसीवाला, नरिंदर सिंह सहोता, सरपंच जर्नैल सिंह, गुरकिरपाल सिंह खटकड़, बाबा हरजिंदर सिंह प्रधान (गुरुद्वारा अरामसर साहिब), सरबजीत सिंह सहोता, सुखविंदर सिंह गिल, जथेदार लखवीर सिंह डांनसीवाला, राजविंदर सिंह पंच, मेजर सिंह सहोता, अमरीक सिंह पंच, केव सिंह खालसा और हरविंदर सिंह पूनियां ने खिलाड़ियों, कोचों और क्लब सदस्यों को बधाई दी।

# सेक्टर-23 में बिना अनुमति चल रहा था PG, मकान मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। शहर में बिना अनुमति पीजी चलाने के मामलों पर पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। ताजा मामले में सेक्टर-23 स्थित एक मकान में नियमों की अनदेखी कर पेइंग गेस्ट (PG) सुविधा चलाने का खुलासा हुआ है। शिकायत मिलने के बाद सेक्टर-17 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-40ए निवासी पंकज गर्ग ने बताया कि उन्होंने अपना मकान निजी उपयोग के लिए किराये पर दिया था। आरोप है कि किरायेदारों ने मकान मालिक की जानकारी और सहमति के बिना वहां पीजी शुरू कर दिया। शिकायत के मुताबिक, संबंधित लोगों ने न तो प्रशासन से आवश्यक अनुमति ली और न ही तय नियमों का पालन किया। आरोप है कि मकान में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू होने से आसपास के लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 223 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि पीजी संचालन के दौरान सुरक्षा और प्रशासनिक नियमों का पालन किया गया था या नहीं।

# वोटर सूचियों में धांधली के खिलाफ भाजपा का धरना, पंजाब सरकार की मनमानी के खिलाफ संघर्ष का ऐलान

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर /यूटर्न/23 मई। जिला भाजपा अध्यक्ष निपुण शर्मा की अध्यक्षता में आज निगम चुनाव अधिकारी और एसडीएम होशियारपुर के दफ्तर के बाहर नगर निगम चुनावों की वोटर सूचियों में कथित धांधली और निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग उठाई।



भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार की धक्केशाही और मनमानी के चलते वोटर सूचियों में भारी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान पूर्व निगम मेयर शिव सूद ने जब निगम अधिकारी गुरमेल सिंह से वार्डबंदी के प्रमाणित नक्शे के संबंध में जानकारी मांगी तो इस पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनके पास वार्डबंदी का कोई प्रमाणित नक्शा उपलब्ध नहीं है, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।उसके बाद भाजपा कार्यकताओं ने इस धांधली के खिलाफ पुरजोर प्रदर्शन किया। भाजपा की ओर से मांग की गई कि नगर निगम चुनावों से संबंधित एतराज प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए तथा पंजाब सरकार की 31-12-2025 की गजट नोटिफिकेशन के अनुसार वोटर सूचियों में संशोधन किया जाए। इसके साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा दिए गए एतराजों को निर्धारित समय सीमा में सुनकर उचित सुधार किए जाएं। भाजपा ने यह भी मांग रखी कि आम जनता की सुविधा के लिए शनिवार और रविवार को भी एतराज दर्ज करने की प्रक्रिया जारी रखी जाए।

# आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा विजय दानव को किया गया सम्मानित



लुधियाना/यूटर्न/23 मई। सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों और आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को माने जाने संबंधी आज सफाई कर्मचारियों, सीवरमेनों और आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा आज धन्यवाद के रूप में विजय दानव चेयरमैन दलित विकास बोर्ड का उनके कार्यालय में सम्मान किया गया। विजय दानव ने बताया कि पंजाब के विभिन्न शहरों में सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों और आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल को समाप्त कराने के लिए उनके द्वारा बीते दिनों वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, और स्थानीय सरकारों मंत्री हरजोत बैंस से मुलाकात की गई। जिसमें उन्होंने विश्वास दिलाया था कि वह जल्दी ही संघर्ष कमेटी के साथ मुलाकात करके उक्त कर्मचारियों की मांगों का हल करेंगे और बीते दिनों हरपाल सिंह चीमा और हरजोत बैंस की संघर्ष कमेटी के साथ हुई मीटिंग में फैसला हुआ कि पंजाब में नगर निगम, नगर परिषदों, नगर पंचायतों और कमेटियों में काम करते समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों को डीसी रेट पर किया जाएगा। इस मौके पर महक सिंह चौहान, सुरेश शेल्ली , विजय लंबरदार, विजय चौहान, मनोज लंबरदार, संजीव बेगड़ा, जतिंदर, सीमा, अनीता, रीना, कनौज दानव आदि उपस्थित थे।

Uturn Time 24 May 2026_Layout 2 23-05-2026 23:25 Page 10



# डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर चला सफाई अभियान, 25 टन कचरा वैज्ञानिक तरीके से निपटान के लिए भेजा गया





चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। शहर को स्वच्छ और पर्यावरण को सुरक्षित बनाने की दिशा में नगर निगम चंडीगढ़ ने दादूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में नगर निगम के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने स्वयं कर्मचारियों और सफाई टीमों के साथ मैदान में उतरकर सफाई कार्य में हिस्सा लिया। अभियान के दौरान डंपिंग ग्राउंड से करीब 25 टन गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरा एकत्र किया गया, जिसे वैज्ञानिक तरीके से निपटान और प्रोसेसिंग के लिए ड्राई वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट भेजा गया। नगर निगम के अनुसार यह पहल शहर में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था और पर्यावरणीय खतरों को कम करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। सफाई अभियान के दौरान प्लास्टिक, पॉलीथिन, रबर, कपड़े और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को हटाया गया। चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर खुद कचरा उठाया और अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके इस कदम से कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ा। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन और स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान जारी रहेंगे ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पिता की हार्ट आर्टरी में मिला ब्लॉकेज, जयपुर में करवाई एंजियोप्लास्टी



पंजाब/यूटर्न/23 मई। दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह सिद्धू ने जयपुर में हार्ट संबंधी इलाज करवाया है। बलकौर सिंह को सीने में दर्द और घबराहट हो रही थी। इसके बाद उन्हें जयपुर के राजस्थान हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जांच रिपोर्ट में हार्ट की एक आर्टरी में ब्लॉकेज सामने आया, जिसके बाद डॉक्टरों ने तुरंत एंजियोप्लास्टी करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिली। जानकारी के अनुसार, बलकौर सिंह को कुछ दिनों से सीने में दर्द हो रहा था। पहले चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में भी दिखाया था, लेकिन आराम नहीं मिलने पर उन्होंने जयपुर में इलाज कराने का फैसला किया। बलकौर सिंह की अब तबीयत ठीक बताई जा रही है। जयपुर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र सिंह राव की देखरेख में बलकौर सिंह की विस्तृत जांच की गई। जांच रिपोर्ट में हार्ट की एक आर्टरी में ब्लॉकेज सामने आया, जिसके बाद डॉक्टरों ने तुरंत एंजियोप्लास्टी करने का निर्णय लिया। विशेषज्ञ टीम ने सफलतापूर्वक प्रक्रिया पूरी की, जिसके बाद उनकी स्थिति में लगातार सुधार देखा गया। इलाज के दौरान बलकौर सिंह की पत्नी चरण कौर और उनके बेटे शुभदीप सिंह सिद्धू सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर है।

# स्कूली विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाने पहुंची पंचकूला ट्रैफिक पुलिस

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/23 मई। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पंचकूला ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सेक्टर-26 स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां विद्यार्थियों को डिस्प्ले के माध्यम से ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के एसपीओ



रोशन लाल ने छात्रों को बताया कि सड़क पर छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व पर जोर देते हुए तेज रफ्तार, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने और ट्रैफिक संकेतों की अनदेखी से बचने की सलाह दी। छात्रों को सड़क पार करने के सुरक्षित तरीकों, ट्रैफिक संकेतों की पहचान और आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार ने कहा कि पंचकूला पुलिस समय-समय पर स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहती है ताकि बच्चों में शुरूआत से ही अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, इसलिए उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। विद्यालय प्रबंधन ने भी ट्रैफिक पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में सुरक्षित व्यवहार अपनाने की प्रेरणा देते हैं।

# PGI की न्यू ओपीडी कैंटीन में नियमों की अनदेखी, डीजल भट्ठियों पर बन रहा था खाना; फायर सेफ्टी विभाग ने लिया एक्शन



चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। पीजीआई में सुरक्षा नियमों की अनदेखी का गंभीर मामला सामने आया है। पीजीआई की न्यू ओपीडी स्थित कैंटीन में डीजल से चलने वाली भट्ठियों पर खाना तैयार किया जा रहा था, जिससे मरीजों, तीमारदारों और पूरी बिल्डिंग की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा था। जानकारी के अनुसार कैंटीन में हर समय बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन मौजूद रहते हैं। ऐसे में डीजल भट्ठियों का इस्तेमाल किसी बड़े हादसे को न्यौता दे सकता था। आरोप है कि कैंटीन संचालक मुनाफे के लिए सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज कर रहे थे, जिससे अस्पताल परिसर में आग लगने जैसी गंभीर घटना की आशंका बनी हुई थी।

मामले की जानकारी मिलते ही पीजीआई के फायर सेफ्टी विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कैंटीन में लगी डीजल भट्ठियों को जब्त कर लिया। विभाग के अधिकारियों ने कैंटीन संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। फायर सेफ्टी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील परिसर में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिद्धांत मोदगिल ने पंजाब के राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। चंडीगढ़ में भाजपा के युवा नेता एवं बालाजी सेवा संगठन के प्रधान सिद्धांत मोदगिल ने पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर सेक्टर-20 अ में स्थित पुलिस कॉलोनी के जर्जर और लंबे समय से खाली पड़े मकानों की भूमि का जनहित में सदुपयोग करने की मांग उठाई है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि उक्त स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किया जाए, जिससे क्षेत्र के युवाओं को खेल एवं फिटनेस के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। सिद्धांत मोदगिल ने ज्ञापन में बताया कि सेक्टर-20अ स्थित पुलिस कॉलोनी के लगभग 120 से 130 मकान वर्षों से खाली और अनुपयोगी पड़े हुए हैं। इन मकानों को प्रशासन द्वारा डेमोलिशन के लिए चिन्हित किया जा चुका है, लेकिन लंबे समय से कोई कार्रवाई न होने के कारण यह क्षेत्र असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाली पड़े मकानों में अवैध रूप से लोगों ने कब्जा करना शुरू कर दिया है, जिससे इलाके में नशाखोरी, चोरी, असामाजिक गतिविधिया और गंदगी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जिससे स्थानीय निवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है तथा आसपास का वातावरण भी अस्वच्छ होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अक्सर नशाखोरी एवं धूम्रपान जैसी गतिविधियां देखने को मिलती हैं। खाली मकानों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है तथा कूड़ा-कचरा फेंके जाने के कारण क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैल रही है। इसके अलावा भिखारियों और अवैध रूप से रहने वाले लोगों का कब्जा भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे शाम और रात के समय क्षेत्र असुरक्षित बन चुका है। सिद्धांत मोदगिल ने कहा कि युवाओं के लिए किसी सकारात्मक गतिविधि का अभाव होने के कारण भी क्षेत्र का माहौल लगातार प्रभावित हो रहा है।

# नगर परिषद चुनावः वार्ड 18 से कांग्रेस उम्मीदवार रिम्पी लद्धड़ ने झोंकी पूरी ताकत

## जनता से मिल रहे प्यार के लिए जताया आभार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/मई। नगर परिषद चुनाव को लेकर जगरांव शहर का सियासी पारा पूरी तरह चढ़ चुका है। 26 मई (मंगलवार) को होने वाले मतदान के लिए सभी प्रत्याशी एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 18 से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार परमजीत सिंह उर्फ रिम्पी लद्धड़ ने भी अपने चुनाव प्रचार को काफी तेज कर दिया है। चुनाव प्रचार के दौरान रिम्पी लद्धड़ को वार्ड वासियों का भारी जनसमर्थन और प्यार मिल रहा है। जनता से मिल रहे इस रिस्पॉन्स पर आभार जताते हुए उन्होंने अपील की कि 26 मई को भी लोग इसी तरह अपना साथ बनाए रखें और अपने कीमती वोट से उन्हें विजयी बनाएं।



**उम्मीदवार का संकल्पः** अगर वार्ड की जनता मुझ पर भरोसा जताती है, तो मैं उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरूँगा। बिना किसी भेदभाव के ईमानदारी से काम करते हुए वार्ड को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। गौरतलब है कि जगरांव चुनाव को लेकर सभी वार्डों में सरगर्मियां तेज हैं और उम्मीदवार डोर-टू-डोर कैंपेनिंग कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से भी आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है।

# पंजाब में रियल एस्टेट घोटालाः आम जनता और किसानों के हितों पर गंभीर सवाल

पंजाब/यूटर्न/23 मई। रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़ा एक बड़ा घोटाला सामने आने के बाद आम लोगों और किसानों के हितों को लेकर चिंता बढ़ गई है। आरोप है कि किसानों की जमीनों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिना उनकी सहमति के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट खड़े किए गए। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (एक्ष) की कार्रवाई ने कई अहम खुलासे किए हैं, जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं।



जांच के दौरान यह भी सामने आया कि जमीन के उपयोग में बदलाव (उछव) के नियमों की अनदेखी कर अवैध तरीके से परियोजनाएं विकसित की गईं। इससे न केवल किसानों के अधिकारों का हनन हुआ, बल्कि सरकार को भी राजस्व का भारी नुकसान पहुंचा। हैरानी की बात यह है कि गरीब वर्ग के लिए आरक्षित प्लॉट भी समय पर आवंटित नहीं किए गए, जो सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

यह मामला केवल आर्थिक घोटाला नहीं, बल्कि जनहित से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। जरूरत है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पारदर्शी व सख्त नीतियां लागू की जाएं, ताकि आम जनता का भरोसा बना रहे।

# मुल्लांपुर के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को मिली आरओ वॉटर कूलर की सौगात

मुल्लांपुर दाखा/यूटर्न/23 मई। शहीद बलविंदर सिंह यादगारी सरकारी हाई स्कूल और सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल गांव मुल्लांपुर के लिए मुल्लांपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी सभा लिमिटेड के सहयोग तथा सचिव कुलदीप सिंह राणा की प्रेरणा से विरबैक एनिमल हेल्थ इंडिया द्वारा अपने एजुकेशन फंड में से आरओ वॉटर कूलर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। इन दोनों आरओ वॉटर कूलरों को विद्यार्थियों की निःस्वार्थ सेवा हेतु समर्पित करने के लिए कंपनी के मैनेजर मोहम्मद



कासिम विशेष रूप से पहुंचे, जिनका गांववासियों और स्कूल स्टाफ द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका गुरजीत कौर तथा मुख्य अध्यापिका मैडम सुमन लता ने कंपनी के अधिकारी मोहम्मद कासिम और सचिव कुलदीप सिंह राणा का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि भीषण गर्मी और तेज चल रही गर्म हवाओं के बीच ठंडे पानी की यह सुविधा विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ के लिए बहुत बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि इससे पहले बच्चों के लिए ठंडे पानी की सुविधा की कमी लगातार महसूस की जा रही थी। इस मौके पर प्रधान जगदेव सिंह गिल, मास्टर गुरसेवक सिंह, मास्टर अमनदीप सिंह चीमा, मास्टर जगतार सिंह गिल, मास्टर तजिंदर सिंह भट्टुल, मैडम राधा रानी, अमृतपाल कौर, जगजीत कौर, हरप्रीत कौर, डीपी अमनदीप सिंह रुड़का, मैडम सतिंदर कौर, दविंदर सिंह गिल, बाबा तेजा सिंह, मनजीत सिंह गिल, करमजीत सिंह गिल, पंच मनप्रीत सिंह धनोआ, बूटा सिंह धनोआ, पंच जसप्रीत सिंह जस्सा, बलविंदर सिंह, प्रतपाल सिंह, पिरथी तथा गुरमीत सिंह गिल आदि उपस्थित रहे।

# यूपी का शातिर तस्कर लालडू में दबोचा, बैग छिपाने की कोशिश बनी गिरफ्तारी की वजह

## एक किलो अफीम बरामद, पहले भी दो मामलों में आ चुका है नाम

डेराबस्सी/यूटर्न/23 मई। लालडू पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसका नाम पहले भी नशा तस्करी के मामलों में सामने आ चुका है। आरोपी इस बार एक किलो अफीम के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी पर पहले भी उत्तर प्रदेश में नशा तस्करी से जुड़े मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उसके बड़े नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना लालडू पुलिस की टीम अंबाला-चंडीगढ़



राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित झरमड़ी बैरियर पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ा एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और अपने पास मौजूद पिट्ठू बैग को छिपाने की कोशिश करने लगा। युवक की गतिविधियों पर शक होने पर पुलिस ने उसे मौके पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर बैग से एक किलो अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान श्रीपाल पुत्र लाखन निवासी गांव नबीगंज जदीद, थाना साहाबाद जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। जांच अधिकारियों के अनुसार आरोपी से पूछताछ के दौरान उसके संपर्कों, नशा सप्लाई चेन और अन्य संभावित साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

# मृणाल ठाकुर का ग्लैमरस स्टाइल और कॉन्फिडेंस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन

बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर एक बार फिर अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में सामने आई तस्वीरों में उनका गोल्डन और ब्लैक आउटफिट फैंस को खूब पसंद आ रहा है। उनका कॉन्फिडेंट अंदाज और एक्सप्रेशंस सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। मृणाल ठाकुर ने अपने बोल्ड और एलीगेंट लुक से एक बार फिर साबित कर दिया कि वह फैशन के मामले में किसी से कम नहीं हैं। गोल्डन शिमरी ड्रेस और ब्लैक डिजाइनर आउटफिट में उनका कॉन्फिडेंस साफ झलक रहा है, जिसे फैंस काफी सराह रहे हैं।



# पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद दो शूटर गिरफ्तार, विदेश में बैठे गैंगस्टर अंकुश बाहमन द्वारा रची टारगेट किलिंग की साजिश-नाकाम

अमृतसर/यूटर्न/23 मई। अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी और महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक टारगेट किलिंग की साजिश को नाकाम कर दिया है। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने दो हथियारबंद आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक घायल अवस्था में है।

जानकारी के अनुसार, थाना इस्लामाबाद क्षेत्र के फताहपुर इलाके में सब-इंस्पेक्टर राकेश कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम नियमित गश्त और सर्च अभियान पर थी। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया, तो दोनों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी।



## आत्मरक्षा के लिए की फायरिंग


*स्थिति को देखते हुए पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लग गई और उसका हथियार मौके पर गिर गया। इसके बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। घायल आरोपी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुलबीर सिंह और जश्नदीप सिंह उर्फ माया के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी विदेश में बैठे गैंगस्टर अंकुश बाहमन के संपर्क में थे और उन्हें दो प्रतिद्वंद्वी गैंग सदस्यों की हत्या की जिम्मेदारी दी गई थी।*

## दोनों अपराधियों का पुराना पुलिस रिकॉर्ड

पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। कुलबीर सिंह पर पहले से एनडीपीएस एक्ट और चोरी के चार मामले दर्ज हैं, जबकि जश्नदीप सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज हैं। इस संबंध में थाना इस्लामाबाद में मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई कर एक बड़ी आपराधिक साजिश को रोक दिया गया है, जिससे इलाके में संभावित गंभीर घटना टल गई।

# जमीनीं विवाद में भतीजे ने किया चाचा का मर्डर, डंडे से किया वार

अमृतसर/यूटर्न/23 मई। तरनतारन के विधानसभा हलका पट्टी के अधीन आते गांव जौड़ा में जमीन की वट यानी सीमा को लेकर चल रहा पुराना विवाद शनिवार तड़के खूनी संघर्ष में बदल गया। इस मामले में भतीजे पर अपने ही चाचा की हत्या करने के आरोप लगे हैं। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है, जबकि थाना सरहाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय बलबीर सिंह निवासी गांव जौड़ा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बलबीर सिंह और उनके चचेरे भाई के परिवार के बीच लंबे समय से जमीन की वट को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों परिवार एक-दूसरे के पड़ोस में रहते हैं और उनके घरों की दीवारें भी सांझी बताई जा रही हैं। आरोप है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते शनिवार सुबह विवाद अचानक हिंसक हो गया।




## सुबह-सुबह हुआ खूनी झगड़ा

मृतक के बेटे हरप्रीत सिंह ने बताया कि वह सुबह दूध डालने के लिए घर से बाहर गया हुआ था। उसकी माता घर में खाना बना रही थी और उसके पिता बलबीर सिंह घर में मौजूद थे। इसी दौरान जैसे ही बलबीर सिंह घर से बाहर निकले तो पड़ोस में खड़े सुरजीत सिंह और उसकी पत्नी हरजीत कौर ने उनके साथ बहस शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सुरजीत सिंह ने डंडे से बलबीर सिंह के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। परिवार के सदस्य तुरंत उन्हें इलाज के लिए तरनतारन के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार ने आरोप लगाया है कि जमीन के पुराने विवाद के कारण ही इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

# जेल में अरोड़ा से मिलने पहुंचे मान-केजरीवाल, सियासी संदेश के मायने गहरे


चंडीगढ़/गुरुग्राम/यूटर्न/23 मई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को गुरुग्राम का अचानक दौरा कर राजनीति में हलचल तेज कर दी। दोनों नेता सीधे भोंडसी जेल पहुंचे, जहां मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बंद पूर्व मंत्री संजीव अरोड़ा से मुलाकात की।

जेल प्रशासन की अनुमति के बाद करीब 20 मिनट तक अलग कमरे में बातचीत हुई। मान और केजरीवाल के इस दौरे को लेकर पंजाब और हरियाणा पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। वहीं, अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी लगातार उनके समर्थन में खड़ी नजर आई है। पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष को दबाने के लिए कर रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह मुलाकात सिर्फ औपचारिक नहीं, बल्कि एक बड़ा सियासी संदेश भी है। नगर निगम चुनावों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के बीच आप नेतृत्व यह संकेत देना चाहता है कि वह अपने नेताओं के साथ मजबूती से खड़ा है।











## 100 करोड़ के हेरफेर में किया था गिरफ्तार

संजीव अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 9 मई को 100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी जीएसटी घोटाले में गिरफ्तार किया था। पहले उन्हें 7 दिन की रिमांड पर रखा गया, इसके बाद 2 दिन की अतिरिक्त रिमांड मिली और पूछताछ पूरी होने के बाद अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## संजीव अरोड़ा अहम चेहरा

संजीव अरोड़ा पंजाब की राजनीति और उद्योग जगत का एक अहम चेहरा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद प्रदेश की सियासत में उबाल देखने को मिला है और विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है। अब इस मुलाकात के बाद सियासी समीकरणों में क्या बदलाव आता है, इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

# नगर परिषद चुनावः जगरांव में लुधियाना ग्रामीण पुलिस का फ्लैग मार्च



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/मई। नगर परिषद चुनाव के मद्देनजर लुधियाना ग्रामीण पुलिस द्वारा आज जगरांव शहर के विभिन्न इलाकों में एक विशाल फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस टीमों ने शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष रूप से गश्त की और स्थानीय निवासियों से चुनाव के दौरान अमन-शांति व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

पुलिस अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था को पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रखना और आम जनता के भीतर सुरक्षा की भावना को और मजबूत करना है।

उच्चाधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि: चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद और सतर्क है। फ्लैग मार्च के दौरान भारी संख्या में पुलिस वाहनों और सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी से पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था बेहद चाक-चौबंद नजर आई। इसके साथ ही, पुलिस ने आम जनता से किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने और अपने आस-पास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372